कभी सुख है कभी दुःख है

कभी सुख है, कभी दुःख है, वक़्त का ये तराना है,
शक्ति देना हमें बाबा, ग़मों में मुस्कुराना है॥

सफ़र ये है बड़ा मुश्किल, साई आसान कर देना,
पाँव कांटे चुबे जब जब, साईं मुस्कान भर देना......-2
ना हारूँ हार कर खुद में, सफर आगे बढ़ाना है,
नेकियों के मुबारक रस्तों पे चलते जाना है,
कभी सुख है, कभी दुःख है, वक़्त का ये तराना है,
शक्ति देना हमें बाबा, ग़मों में मुस्कुराना है॥

कभी ना रूठना हमसे, आबरुं आ बचा लेना,
आप को भूल से भूलें, तो भी बाबा निभा लेना......-2
बदी से दूर हो कर आपको, दिल में बसाना है,
शिरडी के रस्ते चल कर साई के, द्वारे जाना है,
कभी सुख है, कभी दुःख है, वक़्त का ये तराना है,
शक्ति देना हमें बाबा, ग़मों में मुस्कुराना है॥

नाथ जब साथ तुम होंगे, छल कपट दूर सब होंगे,
चाँद तारों से जीवन में, हज़ारो नूर सब होंगे......-2
सूखा कर मौज नफ़रत की, प्यार साई का पाना है,
अँधेरे आपकी भक्ति से, जीवन के मिटाना है,
कभी सुख है, कभी दुःख है, वक़्त का ये तराना है,
शक्ति देना हमें बाबा, ग़मों में मुस्कुराना है॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24377/title/kabhi-sukh-hai-kabhi-dukh-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |